नईदुनिया

भोपाल, 26 नवम्बर 2026

कृषि विकास और किसान कल्याण से जुड़ी केन्द्रीय बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में सहभागिता की। बैठक में मुख्यमंत्री डा. यादव ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में खेती-किसानी के विकास और किसानों के कल्याण पर अपनी बात रखी।

बैठक में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना भी उपस्थित थे।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े सभी लंबित एवं प्रस्तावित विषयों/योजनाओं सहित मध्यप्रदेश के हितों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई सहित केंद्र एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

मीडिया से चर्चाः बैठक के बाद नई दिल्ली में ही स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज कृषि भवन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बैठक कर मध्यप्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास के कई सकारात्मक प्रस्तावों पर चर्चा की। निश्चित रूप से बैठक में हुए प्रस्तावों से ग्रामीण विकास की योजनाओं को गति मिलेगी, साथ ही कृषि से जुड़े सरस मेले और अन्य लंबित मुद्दों को भी गति मिलेगी। वहीं, ग्रामीण समृद्धि की दृष्टि से क्लस्टर बनाने की नीतियां धरातल पर उतरेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का दीर्घ अनुभव हमें मुख्यमंत्री होने के नाते मिला है, इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री के रूप में उनके अनुभव का लाभ हमें मिल रहा है।

आज राज्य सरकार में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं एदल सिंह कंषाना सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज सकारात्मक बैठक हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान का धन्यवाद ज्ञापित किया।

देश में पहली बार भोपाल में हुआ 40 घंटे का सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः देश में अपनी तरह की पहली पहल मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण , जबलपुर एवं कम्युनिटी पुलिसिंग के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में 40 घंटे का सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न जिलों से चयनित नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सामुदायिक स्तर पर विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सामाजिक शांति एवं सद्भाव के लिए मध्यस्थता की उपयोगिता बताई। एमपीएसएलएसए की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 'मेडिटेशन' (ध्यान) जरूरी है, उसी प्रकार रिश्तों को मधुर व मजबूत बनाए रखने के लिए 'मेडिएशन' (मध्यस्थता) आवश्यक है। डीआईजी (कम्युनिटी पुलिसिंग) विनीत कपूर ने 'जनता ही पुलिस है और पुलिस ही जनता है' के सिद्धांत को रेखांकित करते हुए सुरक्षित समाज के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया।

कार्यक्रम में सीनियर ट्रेनर अनुजा सक्सेना, एसोसिएट ट्रेनर संगीता श्रीवास्तव और मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के कार्यपालक निदेशक श्री विवेक कटारे ने भी विचार व्यक्त किए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हिमांशु कौशल ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी अपने क्षेत्रों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही विवादों का सौहार्दपूर्ण निराकरण कर सकेंगे। इस अवसर पर एमपीएसएलएसए के अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव, उप सचिव अनिरुद्ध जैन एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अग्निंद्र कुमार द्विवेदी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी ने किया तथा आभार प्रदर्शन एआईजी अमृत मीणा ने माना।

राष्ट्र के विकास में एक और बड़ा कदम : डॉ. यादव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश में निर्माण एवं अवसंरचना उपकरण (सीआईई) विनिर्माण इको-सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ रूपए की योजना को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि इस योजना के जरिए निर्माण एवं अवसंरचना उपकरणों और उनके कलपुर्जों के घरेलु विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा और आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं आत्याधुनिक परीक्षण केंद्रों की स्थापना से उत्पादों की गुणवत्ता और तकनीकी दक्षता भी बढ़ेगी, जिससे वैश्विक बाजार में भारत की मजबूत पहचान और भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय राष्ट्र के विकास की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

योजना के तहत पात्र मूल उपकरण निर्माताओं और कलपुर्जा निर्माताओं के लिए बिक्री से जुड़ा प्रोत्साहन के अंतर्गत पांच वर्षों की अवधि में वृद्धिशील बिक्री मूल्य पर 13 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक की श्रेणीबद्ध दरों से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार सीआईई परीक्षण सुविधा के तहत समर्पित परीक्षण सुविधा स्थापित करने के लिए 375 करोड़ रुपए तक की अनुदान सहायता दी जाएगी।

इंदौर के नए प्रभारी मंत्री बने चेतन्य काश्यप

सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश, काश्यप अब भोपाल, राजगढ़ और इंदौर के प्रभारी मंत्री होंगे



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री नहीं रहेंगे। उनकी जगह कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को इंदौर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। काश्यप पहले से भोपाल और राजगढ़ के प्रभारी हैं। अब उनके पास तीन जिलों का प्रभार होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार रात इस संबंध में आदेश जारी किए।

मुख्यमंत्री बुधवार को दिल्ली दौरे पर थे। वहां उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। शिवराज सिंह चौहान के आवास पर मंत्री प्रहलाद पटेल और एंदल सिंह कंसाना भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के लौटने के बाद रात में इंदौर के प्रभारी मंत्री को लेकर आदेश जारी हुआ। प्रभार बदलने का आधिकारिक कारण सामने नहीं आया है। डॉ. मोहन यादव ने अगस्त 2024 में इंदौर का प्रभार अपने पास रखा था। प्रदेश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने स्वयं जिले का प्रभार संभाला था। करीब ढाई साल बाद अब यह जिम्मेदारी दूसरे मंत्री को सौंप दी गई है।

मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में भी फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। दूरी अधिक होने के कारण कई मंत्री नियमित दौरे और प्रशासनिक समन्वय में कठिनाई की बात कह चुके हैं। हालांकि, नई सूची को लेकर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

गोशाला उत्थान संघ की संगोष्ठी आज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गौ एवं गोशाला उत्थान संघ मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय त्रैमासिक संगोष्ठी 26 नवंबर को भोपाल में आयोजित होगी। संगोष्ठी राजीव गांधी सभागार पॉलिटेक्निक चौराहे के समीप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा के अनुसार, कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. सुदाम खाड़े मुख्य अतिथि होंगे। संत-महात्माओं और गोशाला प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी।संगोष्ठी में प्रदेश की गोशालाओं की समस्याओं और समाधान को लेकर सरकार के समक्ष 11 प्रमुख मांगें रखी जाएंगी। इनमें गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, गोशालाओं में बिजली-पानी और हरे चारे की व्यवस्था, सीबीजी प्लांट लगाने तथा गोवंश अनुदान राशि 40 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रतिदिन करने की मांग शामिल है। संघ ने अपनी मांगों को मजबूती से उठाने की अपील की है।

भोपाल के वार्ड 24, 30 और 46 में बनेंगे सुलभ शौचालय, विधायक सबनानी ने किया भूमिपूजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने बुधवार को क्षेत्र के वार्ड 24, 30 और 46 में बनने वाले सुलभ शौचालयों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में विधायक सबनानी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार जारी हैं। सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प क्षेत्र के सभी 12 वार्डों के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और दक्षिण-पश्चिम विधानसभा को आदर्श क्षेत्र बनाना है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, पारस नरवरिया, चंद्रभान यादव, मनजीत कौर, नीतू सिंह, सीमा शर्मा, हरीश शर्मा, अमित राठौर, विजेंद्र राजपूत सहित स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

लायंस ऑफ भोपाल के दीपावली मिलन समारोह में महिला प्रतिभाओं का सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लायंस ऑफ भोपाल की ओर से लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी (2026-27) का दीपावली मिलन समारोह वन विहार रोड स्थित होटल सफल रिट्रीट में आयोजित किया गया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय, लायन हरिओम जटिया और लायन मुनींद्र वैद्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के सेवा मंत्र 'हम सेवा करते हैं' के साथ सामाजिक सेवा और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया गया।

समारोह का विशेष आकर्षण विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिताओं में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान रहा। पूर्णिमा सुनमोरिया, अनिका चक्रवर्ती, हिमानी सिंह, पारिधि श्रीवास्तव और मयूरी सूर्यवंशी सहित कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। आकांक्षा जायसवाल, खुशबू गु, अश्विनी वागद्रे, डॉ. प्रेरणा जायसवाल, साक्षी खंडेलवाल, डॉ. प्रियंका जोशी और मेघना शर्मा को भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मान मिला।

रैंप वॉक ने बढ़ाई समारोह की रौनकः कार्यक्रम में पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में रैंप वॉक आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयपाल सचदेव, पीडीजी डॉ. आरके चौरसिया और ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन लायन जगदीश आर्या को भी सम्मानित किया गया।

फेडरेशन कप पावरलिफ्टिंग में तनिषा ने जीते चार स्वर्ण पदक



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः दुर्ग (छत्तीसगढ़) में पावरलिफ्टिंग इंडिया द्वारा आयोजित फेडरेशन कप पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता युवा खिलाड़ी तनिषा आसनानी ने चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। महज़ 15 वर्ष की आयु में 69 किलोग्राम भार वर्ग के अंतर्गत खेलते हुए तनिषा ने कुल 315 किलोग्राम वजन उठाकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने स्क्वाट में 120 किलोग्राम, बेंचप्रेस में 60 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 135 किलोग्राम वजन उठाकर तीन स्वर्ण पदक जीते, जबकि ओवरऑल श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर चौथा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वे संतनगर में अपने पिता जितेंद्र आसनानी, जो स्वयं एक राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी होने के साथ-साथ भोपाल रेल मंडल में मेल ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं—के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं, वहीं उनकी माता रेणु आसनानी भी वर्ष 2024 में राष्ट्रीय पदक विजेता रह चुकी हैं। तनिषा की सफलता पर राहुल एंटरप्राइजेज एवं सिंध जीव सेवा कल्याण समिति के सदस्यों ने बधाई दी है।

बच्चों ने निकाली शाकाहार जागरुकता रैली मांसाहार त्यागने का संकल्प दोहराया



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत साधु टी.एल. वासवानी की जयंती संतनगर के स्कूलों में शाकाहार दिवस मनाया गया। साधु वासवानी/मुदिता इंटरनेशनल स्कूल के 2000 विद्यार्थियों ने पशु-पक्षियों की वेशभूषा में जागरूकता रैली निकाली, वहीं दीपमाला संस्कार पब्लिक स्कूल में बच्चों और शिक्षकों ने मांसाहार त्यागने के संकल्प पत्र भरे। दोनों ही संस्थानों में वक्ताओं ने दादा वासवानी के जीव प्रेम और शिक्षा के प्रति योगदान को याद करते हुए प्राणी मात्र की रक्षा का आह्वान किया।

साधु वासवानी/मुदिता इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने दादा टी.एल. वासवानी का जन्म दिवस 2000 विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे पशु-पक्षियों की वेशभूषा में रैली निकालकर जीव दया और शाकाहार का संदेश दिया। अतिथियों और विद्यालय के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी, सुरेश जसवानी, डॉ. राजकुमारी चोटवानी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने दादा वासवानी के जीव प्रेम और शिक्षा के प्रति योगदान को याद किया। सभी विद्यार्थियों ने आजीवन शाकाहार अपनाने और जीव हत्या न करने का दृढ़ संकल्प लिया।

दीपमाला संस्कार पब्लिक स्कूल में साधु टी.एल. वासवानी का जन्मदिवस 'शाकाहार दिवस' के रूप में मनाया गया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, मॉन्टेसरी इंचार्ज प्रियांशी आडवानी सहित समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मांसाहार त्यागने का संकल्प लेकर फॉर्म भरे। चेलानी ने जीव दया और प्राणी हत्या रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि हर जीव को जीने का अधिकार है, हमें अपनी शपथ का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। नागदेव ने भी जीव दया के प्रति समर्पित लोगों का आभार व्यक्त किया।

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी का 30वाँ स्थापना दिवस

सच्ची शिक्षा वही है जो समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वों का बोध कराएः सिद्ध भाऊजी



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि एक अच्छा और जिम्मेदार इंसान बनना भी है। सच्ची शिक्षा वही है, जो व्यक्ति को समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराए। यह विचार शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने संस्था के 30वें स्थापना दिवस समारोह में व्यक्त किए।

समारोह का शुभारंभ संत शिरोमणि हिरदाराम साहिबजी, माँ सरस्वती एवं माँ भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विद्यालयों की निरंतर प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मिष्ठी वासवानी, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अमृता मोटवानी तथा मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य रेखा केवलानी ने अपने-अपने विद्यालयों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। साथ ही, एक विशेष पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से संस्था की तीन दशकों की विकास यात्रा को भी दर्शाया गया।

आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें सिंधी संगत दुबई द्वारा आयोजित 10वीं अंतरराष्ट्रीय सिंधी बाल कविता प्रतियोगिता-2026 में विजेता रहीं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की सात छात्राएँ तथा सेकंड ओपन ताइक्वांडो टूर्नामेंट में एक स्वर्ण व तीन कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी शामिल रहे। तीनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और आधुनिक नृत्य शैलियों के सुंदर समन्वय से सजी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

समारोह में सह-सचिव कन्हैयालाल रामनानी तथा प्रबंधन समिति के सदस्य ए.सी. साधवानी, थाँवर वरलानी, मनोहरलाल वासवानी, भगवानदास बाबानी, कन्हैयालाल मोटवानी और भगवान दामानी सहित तीनों विद्यालयों के प्राचार्य, उपप्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिका सुश्री मीनल सिंह, सुश्री मरियम रइस तथा विद्यार्थी क्षमा तिवारी और कार्तिक गुलानी ने किया।

नाम परिवर्तन सूचना

हम, रामचन्द्र निषाद आत्मज श्री काशीनाथ, एवं श्रीमती गीतांजली पत्नी श्री रामचन्द्र निषाद, निवासी ग्राम भिलाई, पोस्ट सुपेला, दुर्ग, छत्तीसगढ़, कथन करते हैं, कि हमारे पुत्र श्री कृष्ण चन्द्र जिनका आर्मी सर्विस रिकॉर्ड (सर्विस नं 14684688N) हैं, में हमारा नाम रामचन्द्र (Ramchandra) व जन्म तिथि 03.02.1952 एवं गीतांजलि देवी (Geetanjali Devi) व जन्म तिथि 07.07.1957 अंकित है जबकि आधार कार्ड में हमारे वास्तविक नाम (Ramchandra Nishad) व जन्म तिथि 10.12.1953 एवं गीतांजली (Gitanjali) व जन्म तिथि 20.03.1963 है उक्त दोनों नाम व जन्म तिथि हम कथनकर्ता के ही है जो कि हम स्वयं है शपथ पत्र दिनांक 25.11.2025

5014

कार्यालय उप पंजीयक, सहकारी संस्थायें, जिला भोपाल

(डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल)

(ई-मेल, drcoop.bpl@mp.gov.in)

क्रमांक/विधि/2026/2113 — भोपाल, दिनांक :18.11.26

अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र

(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 76 (2) के अन्तर्गत)

प्रति,

क्रं.	नाम	पता	पद
1	श्री विनोद शर्मा/स्व. शशिधर शर्मा	गोमती कालोनी नेहरू नगर भोपाल	पूर्व अध्यक्ष
2	श्री सेन सिंह नेगी/स्व जे.एस.नेगी	22/5 नार्थ टी.टी. नगर भोपाल	
3	श्रीमती सुविता/योगेश्वर सिंह रावत	एच, 106 64 लाईन, 25 वाहिनी भोपाल	पूर्व उपाध्यक्ष
4	श्री मोरीलाल/पुरणलाल मारण	वार्ड 56 बेरखेडी खुर्द	पूर्व संचालक
5	श्री सतीश/बी.बी. हरने	एस, 557 नेहरू नगर भोपाल	पूर्व संचालक
6	श्री जगदीश सिंह/स्व. प्रताप सिंह रावत	एच-17 डी/57 लाईन भदभदा रोड भोपाल	पूर्व संचालक
7	श्री दीपक शर्मा/स्व श्री एम.एल.शर्मा	एस-877, नेहरू नगर भोपाल	पूर्व संचालक
8	श्री एस.सी. गेरोला/स्व. श्री मणिचंद्र गेरोला	डी-267 नेहरू नगर भोपाल	पूर्व संचालक
9	श्री जगदीश पंत/स्व. श्री बी.डी.पंत	माता मंदिर भोपाल	पूर्व संचालक
10	श्रीमती नीलम बडोला/अरविंद बडोला	2/20, 48 पुलिस क्वाटर्स भदभदा रोड भोपाल	पूर्व संचालक

पूर्व पदाधिकारी विशाल सागर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल

एतद सूचना पत्र द्वारा आपको कार्यालयीन आदेश क्रं./शिकायत/2024/184 दिनांक 27. 01.2025 द्वारा म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 76 (2) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसके संदर्भ में आपके द्वारा कोई भी उपस्थित नही हुआ। अतः आपको यह अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सूचित किया जाता है कि आप वर्ष 2018 से 2023 तक संचालक मण्डल मे अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/संचालक रहें है। संस्था के संबंध में शिकायतकर्ता श्री प्रदीप पांडे की शिकायत दिनांक 21.04.2022 प्राप्त हुई जिसकी जांच हेतु श्रीमती अखिलेश नैन तोमर सहकारी निरीक्षक से जांच करावायी गयी थी। जांच प्रतिवेदन में जांच अधिकारी द्वारा निम्नलिखित अनियमितताये प्रतिवेदित की गई हैं :-

1. संस्था की बेरखेडी वाजयाफत स्थिति भूमि पर विकास कार्य प्रक्रियाधीन है अवगत कराते हुये कृषि भूमि का विकास कार्य पूर्ण करवाये बिना ही भूखण्डो का पंजीयन करवाये जाने संबंधी अनियमिततायें पायी गयी हैं। म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा एवं संस्था की पंजीकृत उपविधि क्रं. 41 (3) 42 (1) (2) के अन्तर्गत संस्था विकास कार्य पूर्ण कराने के पश्चात ही भूखण्डों का आवंटन कर सकती है। संस्था द्वारा उक्तांकित धाराओं / उपविधि का पालन किये बिना ही अविकसीत भूखण्डों का आवंटन एवं पंजीयन करवाया जाना पाया गया है।
2. संस्था की ग्राम मिंडोरी स्थित कृषि भूमि पर बडे-बडे आकार के (5000 से 11000 वर्गफीट) के भूखण्ड काटे गये हैं, इस संबंध में भूमि का नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र नियोजन से ले-आउट स्वीकृत करवाये बिना मनचाहे आकारो के भूखण्डों का आवंटन एवं पंजीयन करवाया गया है। जो नियमोचित नही है। यह कृत्य म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम / संस्था की पंजीकृत उपविधि में उल्लेखित प्रावधानो के विपरीत है।
3. संस्था द्वारा वर्ष 2003-04, 2004-05 की विभाग द्वारा निर्गमित टीपों में अंकेक्षको द्वारा ली गयी आपत्तियों एवं सुझावो का पालन प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया है। साथ ही सदस्यों को अंश प्रमाण पत्र जारी नही किये गये है।
4. संस्था अंकेक्षको द्वारा बार-बार आपत्ति ली जाने के बाद भी लाखो रूपयो का लेनदेन नगद में करना पाया गया है। जबकि संस्था को नियमानुसार कार्यवाही के लिये लेख किया गया था।
5. संस्था द्वारा बावडियाकलां की 1.12 एकड आवासीय भूमि, नीलबड पर 4 एकड कृषि भूमि, विसनखेडी स्थित 65 एकड कृषि भूमि बिना उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला भोपाल को सूचित किये गैर सदस्यों को विक्रय कर आर्थिक लाभ अर्जित किया गया है। जिसके लिये पूर्व संचालक मण्डल पूर्णतः दोषी पाया गया है।
6. संस्था अध्यक्ष श्री विनोद शर्मा द्वारा संस्था के नाम पर कई एकड जमीन क्रय की गई ओर उसकी सूचना नियमानुसार उप पंजीयक कार्यालय भोपाल को नहीं दी गई। यह कृत्य अवैधानिक कृत्यों की परिधी में आता है। संस्था अपने निहित पंजीकृत उद्देश्यो से पृथक कार्य करती पायी गयी है। जमीन की खरीद फरोख्त कर धन अर्जन हेतु कार्य किया जाना पाया गया है।
7. संस्था का पूर्व का रिकार्ड अध्यक्ष दीपक शर्मा उपलब्ध नही करवा पा रहे है। यह भी आपत्ति जनक तथ्य है। जांच अधिकारी के प्रतिवेदन में उल्लेखित उक्त बिन्दुओं एवं निष्कर्ष से यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 72 (डी-घ) के प्रावधानो का उल्लंघन किया गया है। जो अधिनियम की धारा 74 के अधीन अपराध की श्रेणी में आता है। अतः क्यों न म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 76 के प्रावधानो के तहत आपके विरूद्ध प्रथम श्रेणी न्यायायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की अनुमति प्रदान कर दी जावे।

अतएव म. प्र. शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ 5-1-99-पन्द्राह-1 सी, दिनांक 26.07.1999 एवं 1960 की धारा 76 (2) में पंजीयक को प्रदत्त शक्तियां जो मुझमें वैष्ठित है, का प्रयोग करते हुए, मैं डॉ. छविकान्त वाघमारे, उप पंजीयक सहकारी संस्थाये जिला भोपाल म. प्र. उल्लेखित कार्यवाही किये जाने के पूर्व अवसर प्रदान करते हुये यह कारण बतओं सूचना पत्र जारी कर अपेक्षा करता हूँ कि उक्तानुसार जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित आरोपो के संबंध में दिनांक 04.12.2026 समय दोपहर 12.00 बजे कार्यालय उपायुक्त सहकारिता डी-ब्लॉक पुराना सचिवालय जिला भोपाल म. प्र. में अपने उत्तर एवं साक्ष्य प्रमाण सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें यह अंतिम अवसर आपको दिया जाकर निर्देशित किया जाता है कि अनुपस्थिति की दशा में यह माना जावेगा कि उक्त आरोपो के संबंध में आपको कुछ नही कहना है। इस संबंधों में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी।

यह कारण बताओ सूचना पत्र आज दिनांक 18.11.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है।

(डॉ. छविकांत वाघमारे)

जी-22042/26 — उप पंजीयक सहकारी संस्थाये, जिला भोपाल